बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-570
02/09/2026

# पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 दारोगा प्रसाद राय की जयंती पर मुख्यमंत्री ने उन्हें नमन किया

पटना, 02 सितम्बर 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 दारोगा प्रसाद राय जी की जयंती के अवसर पर नया सचिवालय परिसर के समक्ष स्थित स्व0 दारोगा प्रसाद राय जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, सहकारिता मंत्री श्री रामकृपाल यादव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री अशोक चौधरी, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, विधायक श्री श्याम रजक, विधायक श्री अरूण मांझी, विधान पार्षद श्री संजय सिंह, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, किसान आयोग के अध्यक्ष श्री रूपनारायण मेहता, अन्य जनप्रतिनिधिगण, पूर्व मंत्री एवं स्व0 दारोगा प्रसाद राय के सुपुत्र श्री चन्द्रिका राय एवं उनके परिजन सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी स्व0 दारोगा प्रसाद राय जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन कीर्तन, राष्ट्रीय गीत, राष्ट्र गान, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

*******